मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः08.03.2026

अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन मार्केटिंग का लालच देकर पीड़ित के साथ की गयी ₹ 5,99,850/- की साइबर ठगी की घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि को थाना अहरौरा साइबर सेल टीम द्वारा पीड़ित के खाते में कराया गया वापस —

दिनांक 26.02.2026 को थाना अहरौरा साइबर सेल में आवेदक अजीत कुमार पुत्र रामराज पाल निवासी मोहिउद्दीनपुर थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर द्वारा साइबर ठगी की घटना के सम्बन्ध में शिकायत दी गयी कि एक अज्ञात व्यक्ति, जो फेसबुक पर एयर फोर्स की वर्दी में पोस्ट व स्टेटस लगाकर आवेदक को ऑनलाइन मार्केटिंग में बिजनेस कराने का लालच देकर पीड़ित के खाते में ₹ 06 लाख का लोन कराकर आवेदक के खाते से ₹ 5,99,850/- अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया गया। उक्त सूचना पर थाना अहरौरा साइबर सेल टीम द्वारा आवेदक की शिकायत को एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज कराते हुए नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में थाना अहरौरा साइबर सेल टीम द्वारा उपरोक्त प्रकरण में जाँच के दौरान सम्बन्धित बैंक/मर्चेंट से समन्वय स्थापित कर पीड़ित के खाते में साइबर फ्राड की घटना से सम्बन्धित सम्पूर्ण धनराशि ₹ 5,99,850/- को आवेदक के खाते वापस करायी गयी। खाते में पैसे वापस आने पर आवेदक द्वारा थाने पर उपस्थित होकर मीरजापुर पुलिस के पुलिस उच्चाधिकारीगण एवं थाना अहरौरा साइबर सेल टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया गया। थाना अहरौरा साइबर सेल टीम द्वारा आवेदक को साइबर जागरुकता अभियान के तहत साइबर सम्बन्धी होने वाली ठगी के बारें में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा अन्य भी लोगों को बताये जाने की बात बतायी गयी।

थाना अहरौरा साइबर सेल टीम —

उप-निरीक्षक अजय मिश्र, थानाध्यक्ष अहरौरा, जनपद मीरजापुर।

मुख्य आरक्षी नरेन्द्र सिंह, आरक्षी पवन गुप्ता व महिला आरक्षी महिमा उपाध्याय।

साइबर
हेल्प डेस्क
थाना - अहरौ
जनपद - मीरजापु
REFUNDED
5,99,850